झारखण्ड सरकार,

# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

**कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010**

**e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com**

## विज्ञापन संख्या– 05/2017

## झारखण्ड संयुक्त पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा– 2017

**1.** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–11/क॰च॰आ॰–02–06/2014का॰–5194 (अनु॰) दिनांक– 06.04.2017, पत्रांक–11/क॰च॰आ॰–02–06/2014 (खण्ड) का॰–7548/(अनु॰) दिनांक– 28.06.2017 एवं पत्रांक–11/क॰च॰आ॰–02–06/2014 (खण्ड–2) का॰–8041/(अनु॰) दिनांक– 13.07.2017 के द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु विहित प्रपत्र में झारखण्ड पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2017 के लिये **ऑनलाईन (Online)** आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार यथा निर्धारित अर्हता अनुसार रिक्तियों के विरूद्ध आवेदन दे सकते है। ऑनलाईन (Online) आवेदन आयोग के अधिकृत वेबसाईट–www.jssc.in अथवा www.jssc.nic.in पर लॉगईन (Login) करके समर्पित किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति सेवा/संवर्ग मे तबतक नियुक्त नहीं किया जायेगा जबतक वह :–

(क) भारत संघ का नागरिक न हो। (ख) सच्चरित्र न हो।

**2. रिक्तियों की विवरणी :–**

| पदनाम | कुल रिक्ति | वर्गवार रिक्ति | कुल रिक्तियों में क्षैतिज आरक्षण (महिला) |
|---|---|---|---|
| जिला/इकाई के पुलिस अवर निरीक्षक | 2483 | अनारक्षित –1274<br>अनु0जाति–218<br>अनु0 जन जाति–684<br>अ0 पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)–166<br>पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)–141 | 124 |
| विशेष शाखा के पुलिस अवर निरीक्षक | 488 | अनारक्षित –244<br>अनु0जाति–49<br>अनु0 जन जाति–127<br>अ0 पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)–39<br>पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)–29 | 24 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला–इकाई के प्रारक्ष अवर निरीक्षक (परिचारी) | 48 | अनारक्षित –25<br>अनु0जाति–05<br>अनु0 जन जाति–12<br>अ0 पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)–04<br>पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)–02 | 02 |

**टिप्पणी :–** (i) जिला/इकाई के पुलिस अवर निरीक्षक अनुसूचित जन जाति की कुल 684 रिक्तियों में 2% अर्थात 14 पद आदिम जन जातियों के लिये क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेंगे। आदिम जन जाति के योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उनके लिए रिक्त कर्णांकित पद अ0ज0जाति के योग्य अभ्यर्थियों से भरे जा सकेंगे।

(ii) विशेष शाखा के पुलिस अवर निरीक्षक अनुसूचित जन जाति की कुल 127 रिक्तियों में 2% अर्थात 03 पद आदिम जन जातियों के लिये क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेंगे। आदिम जन जाति के योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उनके लिए रिक्त कर्णांकित पद अ0ज0जाति के योग्य अभ्यर्थियों से भरे जा सकेंगे।

(iii) जिला–इकाई के प्रारक्ष अवर निरीक्षक (परिचारी) अनुसूचित जन जाति की कुल 12 रिक्तियों में 2% अर्थात 01 पद आदिम जन जातियों के लिये क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेंगे। आदिम जन जाति के योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उनके लिए रिक्त कर्णांकित पद अ0ज0जाति के योग्य अभ्यर्थियों से भरे जा सकेंगे।

**3.** कंडिका– 2 में वर्णित पद का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं॰ | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता(आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जिला–इकाई के पुलिस अवर निरीक्षक/ विशेष शाखा के पुलिस अवर निरीक्षक/ जिला–इकाई के प्रारक्ष अवर निरीक्षक (परिचारी) | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन–रू04200/– (छठा वेतनमान) | केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से स्नातक की डिग्री। |

## 4. शारीरिक मापदण्डः–

| क्रमांक | आरक्षण वर्ग | ऊँचाई (सें॰मी॰) | सीना(सें॰मी॰) |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित/पिछड़ावर्ग/ अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | न्यूनतम 160 | न्यूनतम 81 |
| 2. | अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति | न्यूनतम 155 | न्यूनतम 79 |
| 3. | महिला (सभी कोटि) | न्यूनतम 148 | ---- |

**नोट : शारीरिक रूप से अशक्त अथवा विकृत अभ्यर्थी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।**

**5. <u>आयु सीमा</u>ः–उम्र की गणना दिनांक 01.08.2017 के आधार पर की जायेगी।**

| क्रम संख्या | वर्ग | न्युनतम उम्र | अधिकतम उम्र |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित / सामान्य | 21 वर्ष | 26 वर्ष |
| 2. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) | 21 वर्ष | 28 वर्ष |
| 3. | अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति | 21 वर्ष | 30 वर्ष |

**6.** तीनो पदों के लिए एक ही ऑन–लाईन आवेदन समर्पित किया जा सकता है एवं एक ही परीक्षा शुल्क देय होगा। ऑन–लाईन आवेदन में पदों के लिए अधिमानता (prefrence) क्रम में अभ्यर्थी अपना विकल्प दे सकेंगे तथा तीनो पदों का विकल्प इच्छानुसार दिया जाना आवश्यक होगा। अधिमानता क्रम में विकल्प देने की सुविधा ऑन–लाईन आवेदन में उपलब्ध रहेगी।

तीनो पदों पर चयन मेधा–सह– विकल्प के आधार पर किया जायेगा।

**7.** ON LINE **<u>आवेदन पत्र को भरना एवं Submit करना</u>**ः–ऑन–लाईन आवेदन को भरने के लिए दिए गये दिशा निदेश का अक्षरशः पालन करें। आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं से पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात ही आवेदन पत्र को जमा (Submit) करें। आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेवसाईट www.jssc.in अथवा www.jssc.nic.in पर जाएँ एंव Online Application for JCPSICE-2017 पर Click करें तथा आवेदन पत्र भरें। **<u>शैक्षणित योग्यता एवं आरक्षण का दावा के संबंध में अभ्यर्थी यह सुनिश्चित हो ले कि आवेदन की तिथि तक वे आवश्यक अहर्त्ता पूर्ण करते हैं एंव एतत् संबंधी वांछित प्रमाण–पत्र उनके पास उपलब्ध है।</u>**

**आवेदकों को सूचित किया जाता है कि आवेदन** Submit **करने के पूर्व भरे गये आवेदन को ठीक से देख लें। यदि कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर ही आवेदन** Submit **करें। एक बार आवेदन** Submit **करने के पश्चात् परीक्षाफल को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रविष्टि में सुधार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा और भरे गये आवेदन के आधार पर ही आवेदक की परीक्षा ली जायेगी।**

**अतः आवेदकों को सलाह दी जाती है कि Online आवेदन फार्म भरने के पूर्व में आयोग के अधिकृत वेबसाइड से परीक्षा की विवरणिका Download करने के पश्चात् ही फार्म भरें वाह्य स्त्रोत से उपलब्ध विवरणिका के आधार पर फार्म भरने में यदि कोई त्रुटि होती है तो आवेदक स्वयं इसके लिए जिम्मेवार होंगे।**

**8. ऑनलाईन** (Online)**आवेदन को भरने के लिए दिशा निदेश :–**

(I) आवेदक अपने नाम की वर्त्तनी (spelling) वही लिखेंगे जो मैट्रिक / 10वीं के सर्टिफिकेट / अंक पत्र में अंकित है। सर्टिफिकेट / अंक पत्र में अंकित नाम और आवेदन पत्र में भरे गये नाम की वर्त्तनी (spelling) में अंतर नहीं होना चाहिये। आवेदन में नाम

से संबंधित सूचना में नाम के आगे श्री/मिस्टर/श्रीमान् आदि शब्दों का व्यवहार नहीं किया जाय।

(II) आवेदक के मैट्रिक सर्टिफिकेट/अंक पत्र में जो उनकी जन्म तिथि अंकित यथा– तिथि, महीना और वर्ष है, वही आवेदन पत्र के यथा निर्धारित स्थान पर लिखेंगे।

(III) **आवेदन पत्र भरने के लिए सर्वप्रथम आयोग के अधिकृत वेवसाईट www.jssc.in अथवा www.jssc.nic.in पर जाएँ एवं Online Application for JCPSICE–2017 को Click करें। तत्पश्चात अपना पंजीकरण (Registration) करें। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही आपके मोबाईल फोन एवं ईमेल पर पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड आ जायेगा। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड को नोटकर सुरक्षित रखें क्योंकि भविष्य में लॉग–इन करने के लिए इन दोनों की आवश्यकता होगी। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड प्राप्त होते ही आप पुनः लॉग–इन करें अथवा Proceed पर क्लिक कर आप अपने बारे में विस्तृत सूचना भरें। ऑनलाईन आवेदन के प्रत्येक पृष्ठ को Save and Next करने के पश्चात् अगले पृष्ठ की सूचना भरा जाना आवश्यक है अन्यथा भरे गये आवेदन का प्रिंटआऊट नहीं निकल पायेगा। जिस तिथि को आप यह कार्य पूरा कर लेते हैं उसकी अगली तिथि को 12.00 बजे मध्याह्न के पश्चात पुनः लॉगिन करें एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दें। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के अगले दिन अपराह्न 02:00 बजे के पश्चात पुनः लॉगिन कर अपना स्कैन (Scanned) किया हुआ फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड कर दें तथा भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट अवश्य लें एवं उसे सुरक्षित रखें।**

आवेदन पत्र में सभी सूचनाएँ भरा जाना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन Online Submit नहीं हो पायेगा। ऑन–लाईन आवेदन भरने के लिए लिंक दिनांक 15.07.2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न् से उपलब्ध होगा तथा आवेदन को भेजने (Submit) करने की अन्तिम तिथि दिनांक 13.08.2017 संध्या 05.00 बजे तक है। दिनांक– 13.08.2017 के बाद दिनांक 16.08.2017 तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए उपलब्ध होगा। दिनांक 13.08.2017 के बाद **परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए पुनः login करें तथा make payment पर क्लिक करें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें Term & Condition को टिक (✓) कर Proceed बटन दबाकर आगे बढ़ें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें Select Payment Category के सामने JCPSICE-2017 Select करें तथा अपना Registration Number डालकर अपना परीक्षा शुल्क का भुगतान करें। परीक्षा शुल्क भुगतान करने के अगले दिन अपराह्न 02:00 बजे के पश्चात पुनः लॉगिन कर अपना स्कैन (Scanned) किया हुआ रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड कर दें तथा भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट अवश्य लें एवं उसे सुरक्षित रखें।**

**9.** **परीक्षा का स्वरूप :–आयोग द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) लिया जायेगा किसी तथा एक पत्र की परीक्षा यदि विभिन्न समूहो में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का normalisation किया जायेगा। Normalisation का सूत्र अलग से आयोग के वेवसाईट पर प्रकाशित रहेगा। प्रारम्भिक परीक्षा में मेधा सूची अभ्यर्थियों के प्राप्तांक के normalised अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा। मुख्य परीक्षा में जिन पत्र/पत्रों में अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का**

**normalisation किया जायेगा उन पत्र/पत्रों के normalised अंक तथा जिन पत्र/पत्रों में अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का normalisation नहीं किया जायेगा उन पत्र/पत्रों के प्राप्तांक को जोड़ कर यथा अग्रगामी कंडिकाओं की शर्त्तों के अधीन मेधा सूची तैयार की जायेगी। मेधा सूची जिस पद्धति से तैयार की जायेगी उसी रूप में अभ्यर्थियों का प्राप्तांक प्रकाशित किया जायेगा। परीक्षा का स्वरूप निम्न प्रकार होगा।**

**परीक्षा का स्वरूप** :– परीक्षा चार चरणों में ली जायेगी –

**(क)** प्रारम्भिक परीक्षा
**(ख)** मुख्य परीक्षा
**(ग)** शारीरिक जाँच
**(घ)** चिकित्सीय परीक्षा

प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा होगी। दोनो परीक्षाओं में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे। एक प्रश्न का पूर्ण अंक 3 (तीन) होगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिए जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी।

**भाषेत्तर विषयों को छोड़कर प्रश्न हिन्दी एव अग्रेंजी भाषा में होंगे। प्रश्नों का स्तर स्नातक स्तर का होगा।**

## 10. परीक्षा शुल्कः–

परीक्षा शुल्क रू॰ 460 (चार सौ साठ रूपये) है।

**परीक्षाशुल्क में छूटः**–झारखण्डराज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 115 (एक सौ पन्द्रह रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में निम्नवत राशि का भुगतान भी करना होगाः–

(क) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं इसके सहयोगी बैंको के नेट बैंकिग एवं डेबिट कार्ड द्वारा परीक्षा शुल्क भुगतान करने पर अतिरिक्त देय राशि रू॰ 11.40।

(ख) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अलावा अन्य बैंको के नेट बैंकिग से परीक्षा शुल्क भुगतान करने पर अतिरिक्त देय राशि रू॰ 17.10।

(ग) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अलावा अन्य बैंको के डेबिट कार्ड एवं किसी भी क्रेडिट कार्ड से परीक्षा शुल्क भुगतान करने पर अतिरिक्त देय राशि रू॰ 12.54।

(घ) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के किसी भी ब्रांच में चालान के द्वारा परीक्षा शुल्क भुगतान करने पर अतिरिक्त देय राशि रू॰ 57.00।

## 11. महत्वपूर्ण तिथि

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | **ऑन–लाईन आवेदन आरम्भ की तिथि** | **15.07.2017.** |
| **(ii)** | **ऑन–लाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि** | **13.08.2017** |
| **(iii)** | **परीक्षा शुल्क भुगतान करने की विस्तारित तिथि** | **14.08.2017** |
| **(iv)** | **फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की विस्तारित तिथि** | **16.08.2017** |
| **(v)** | **कम्प्यूटर आधारित प्रारम्भिक परीक्षा (PT) की सम्भावित अवधि** | **अगस्त–2017 के अंतिम सप्ताह से सितम्बर–2017 के द्वितीय सप्ताह तक।** |
| **(vi)** | **मुख्य परीक्षा** | **नवम्बर–2017 के प्रथम सप्ताह में।** |

**12.** यह संक्षिप्त विज्ञापन आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। आयोग के वेवसाईट– www.jssc.in अथवा www.jssc.nic.in पर परीक्षा की विविरणिका में विस्तृत सूचना उपलब्ध है जिसे इच्छुक अभ्यर्थी अवश्य डाउनलोड कर देख लें एवं उसके अनुसार ही आवेदन पत्र समर्पित करें। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**ह0/–**

**परीक्षा नियंत्रक।**